25/11/2024

आकाशवाणी ईटानगर

संसद का शीतकालीन सत्र आज से शुरु हुआ। पहले दिन अडाणी ग्रुप के खिलाफ रिश्वत के आरोपों और अन्य मुद्दो को लेकर विपक्ष के हंगामे को देखते हुए ससंद के दोनों सदनों की बैठक दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई। राज्यसभा में आज सभापति जगदीप धनखड ने विपक्षी सदस्यों से अपील की कि वे सदन की बैठक सामान्य रूप से चलने दें। लेकिन, शोर-शराबा जारी रहने के कारण उन्होंने सदन की बैठक दिनभर के लिए स्थगित कर दी। सदन में आज दिवंगत सदस्यों को श्रद्धांजलि दी गई। संसद से बाहर संवाददाताओं से बातचीत में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आशा प्रकट की है कि संसद का शीतकालीन सत्र लाभकारी रहेगा और इसमें रचनात्मक विचार विमर्श किया जायेगा।

0000000000000000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज कहा कि भारत के भावी विकास में सहकारी समितियां एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। प्रधानमंत्री ने नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आई.सी.ए. वैश्विक सहकारी सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए कहा कि सहकारिता केवल एक मॉडल नहीं, बल्कि भारत की संस्कृति की नींव है। श्री मोदी ने कहा कि भारत में सहकारी समितियां एक विचार से एक आंदोलन में बदल गई, जिसने एक क्रांति का रूप लिया और इस क्रांति से देश का सशक्तिकरण हुआ है।

उन्होंने कहा कि भारत सहकार से समृद्धि के मंत्र का पालन कर रहा है। इस अवसर पर, श्री मोदी ने अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 पर एक स्मारक डाक टिकट लॉन्च किया। इस सम्मेलन में भूटान के

प्रधानमंत्री, दाशो शेरिंग टोबगे, फिजी के उप प्रधानमंत्री, मनोआ कामिकामिका और गृह मंत्री अमित शाह ने भी सम्मेलन में भाग लिया।

0000000000000000000

मुख्यमंत्री पेमा खाण्डू ने रविवार को तेजु में करीब तैतालीस करोड़ रुपए की टाउनशिप प्रोजेक्ट की आधारशिला रखी। उन्होंने जल आपूर्ति परियोजना का शिलान्यास करते हुए लोगों से नगरीय क्षेत्र को स्वच्छ बनाए रखने की अपील की। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार क्षेत्र में बाढ़ की समस्या के समाधान और विकास परियोजनाओं को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री चाउना मेन, बाल विकास मंत्री दासांग्लु पुल, लोकसभा सांसद तापिर गाव, विधायक डॉक्टर मोहेश चाई, चाउ जिंग्नु नामचुम सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

मुख्यमंत्री ने नामसाई में मल्टिस्पोर्ट्स फेसिलिटिज और जल आपूर्ति परियोजना सहित करीब एक सौ पांच करोड़ रुपए लागत की परियोजनाओं की आधारशिला रखी।

0000000000000000000

केंद्र सरकार ने संविधान को अपनाने की 75वीं वर्षगांठ मनाने के लिए अभियान चलाने की घोषणा की है। यह अभियान देशभर में कल से 26 नवंबर, 2025 तक चलेगा। 26 नवंबर, 1949 को भारत की संविधान सभा ने संविधान को अपनाया था और यह 26 जनवरी, 1950 को देश में लागू हुआ था। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने नई दिल्ली में कहा कि संविधान सदन के सेंट्रल हॉल में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु इस कार्यक्रम में संसद के

दोनों सदनों के सदस्यों को संबोधित करेंगी। श्री रिजिजू ने कहा कि यह केवल संसद का नहीं बल्कि पूरे देश का उत्सव है।

0000000000000000

अरुणाचल प्रदेश में नोक्ते जनजाति का कृषि आधारित त्यौहार चालो लोकु राज्यभर में पंरपरा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के. टी. परनाईक और मुख्यमंत्री पेमा खाण्डू ने प्रदेश के लोगों को नोक्ते जनजाति के त्यौहार चालो लोकु की शुभकामनाएं दी। तिराप जिले के खोंसा में आयोजित चालो लोकु समारोह समारोह में विधायक निनोंग इरिंग सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे। उन्होंने लोगों से जनजातीय विरासत के संरक्षण की अपील की। इधर ईटानगर के टीसीएल ग्राउंड में आयोजित चालो लोकु उत्सव समारोह में गृह मंत्री मामा नातुंग और टूरिज्म डिपार्टमेंट के निदेशक मंजूनाथ आर. सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

अपने संबोधन में गृह मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश की मूल जनजातियों की कला, संस्कृति और भाषा के संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि सरकार की गुरुकुल स्कूलों की पहल से जनजातीय भाषाओं में शिक्षा के साथ ही उनके कल्चरल हेरिटेज के संरक्षण में मदद मिल रही है।

0000000000000000

भारतीय रिजर्व बैंक की स्थापना के नब्बे वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में देश भर में कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। आर.बी.आई द्वारा सभी स्ट्रीम के अंडर ग्रेजुएट स्टूडेंट्स के लिए नेशन वाइड क्विज प्रतियोगिता आयोजित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य नब्बे साल के जश्न के हिस्से के रूप में छात्र कम्यूनिटी के साथ जुड़ना है। ईटानगर

में आयोजित क्विज कंपिटिशन में नेरिस्ट पहले, एनआईटी दूसरे और डॉन बॉस्को कॉलेज तीसरे स्थान पर रहा।

000000000000000

अरुणाचल प्रदेश में पिछले कुछ वर्षों में त्वरित गति से रोड एंड मोबाइल कनेक्टिविटी के विस्तार से पर्यटन क्षेत्र को गति मिली है। पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए मीडिया कर्मियों का भी महत्वपूर्ण योगदान होता है।

इसी कड़ी में राजस्थान के चौदह सदस्यीय मीडिया कर्मी अरुणाचल प्रदेश, असम सहित पूर्वोत्तर के कई राज्य के दौरे पर है। पीआईबी जयपुर की इस मुहिम का उद्देश्य मीडिया कर्मियों को देश के अन्य राज्य की कला, संस्कृति और विकास गतिविधियों से रुबरू कराना है। अरुणाचल प्रेस क्लब ईटानगर में राजस्थान के मीडिया कर्मियों का स्वागत किया गया।

अरुणाचल प्रेस क्लब के अध्यक्ष दोदुम यांग्फो, अरुणाचल प्रदेश यूनियन ऑफ वर्किंग जर्नालिस्ट के अध्यक्ष अमर सांग्नो ने राज्यस्थान के मीडिया कर्मियों को अरुणाचल प्रदेश की जनजातीय और विभिन्न क्षेत्रों में विकास के बारे में जानकारी दी।

00000000000000

नॉर्थ ईस्टर्न काउंसिल के सदस्य एल. फांग्चो और टी. एन थोंडक ने पूर्वोत्तर परिषद एन.ई.सी की योजनाओं को प्रभावी तरीके से लागू करने के लिए सभी हितधारकों के बीच बेहतर तालमेल पर जोर दिया। तवांग जिला उपायुक्त कार्यालय में विभागीय प्रमुखों, तवांग ग्रीन फार्मर्स प्रोड्युसर्स कंपनी के प्रतिनिधियों और अन्य हितधारकों के साथ बैठक में

एन.ई.सी के सदस्यों ने क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक विकास के लिए स्थानीय किसानों और कलाकारों की क्षमता के उपयोग पर जोर दिया।

0000000000000000000000

लोअर दिबांग वैली जिले के रोइंग में लिंग आधारित मुद्दों पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। अरुणाचल स्टेट रूरल लाइब्लिहूड मिशन - ए.आर.एस.आर.एल.एम द्वारा आज आयोजित इस कार्यशाला में विशेषज्ञों ने लोगों को लैंगिक समानता, महिलाओं के खिलाफ उत्पीडन सहित समाज में सभी वर्गों के उत्थान के लिए सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी दी।